सोडाला में निर्माणाधीन तीन मंजिला बिल्डिंग के बेसमेंट में मृत मिला गौवंश

हैरिटेज निगम प्रशासन ने इमारत सीज कर ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । सोडाला इलाके की शिव कॉलोनी राकड़ी में निर्माणाधीन 3 मंजिला मकान के बेसमेंट में बने टैंक में गौवंश मृत मिलने से हंगामा हो गया। मौके पर जुटे लोगों ने बिल्डिंग मालिक और हैरिटेज नगर निगम के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। यह मकान समुदाय विशेष के व्यक्ति का बताया जा रहा है। लोगों ने क्रेन की मदद से टैंक से गौवंश का शव बाहर निकलवाया।

घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा भी मौके पर पहुंचे, उन्होंने गौ-हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि बसमेंट में गौवंश का पहुंचन मुमकिन नहीं है, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बताया जा रहा है कि यह अवैध बिल्डिंग खुद महापौर मुनेश गुर्जर के वार्ड 43 में बन रही थी।

स्थानीय लोगों और विधायक के विरोध के बाद हैरिटेज निगम के सिविल लाइंस जोन उपायुक्त ने बिना परमिशन बन रही इस अवैध बिल्डिंग को सीज कर दिया। सतर्कता उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ और उनकी टीम ने पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी। शुरुआत में तीन मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर की सीढ़ियां तोड़ी गई, जो बेसमेंट की तरफ जा रही थी। इसी बीच निगम की कार्रवाई का बिल्डिंग मालिक व उनके सहयोगियों ने विरोध किया। बड़ी संख्या में युवक जेसीबी के आगे जाकर उसे रोकने की कोशिश करने लगे। मामला बिगड़ता देखकर और रात को अंधेरा होने के बाद नगर निगम टीम ने अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई रोक दी। अधिकारियों का कहना था कि रात के अंधेरे मे ंतोड़फोड़ असुरक्षित है। इस वजह से फिलहाल कार्रवाई को रोक दिया गया है। जल्द ही अवैध निर्माण के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



सोडाला की शिव कॉलोनी राकड़ी में भूखंड़ संख्या 60 पर बनीं अवैध इमारत के बेसमेंट में गौवंश का शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

- क्रेन की मदद से टैंक से गौवंश का शव बाहर निकाला गया, आक्रोशित लोगों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया
- स्थानीय विधायक गोपाल शर्मा ने गौवंश की हत्या का शक जताया, अवैध निर्माण जल्द ध्वस्त करने की बात कही

स्थानीय लोगों का कहना है कि शिव कॉलोनी, राकड़ी (सोडाला) के भूखंड़ संख्या 60 पर पिछले कई दिनों से 3 मंजिला बिल्डिंग का अवैध निर्माण किया जा रहा है। इसकी शिकायत जब नगर निगम प्रशासन से की तो कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस बिल्डिंग से गुरूवार सुबह से भयंकर बदबू आ रही थी। लोगों ने मौके पर जाकर देखा तो बेसमेंट में बने टैंक में गौवंश का मुंह नजर आया।

इसके बाद आज शाम निगम प्रशासन और जयपुर नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ धरना शुरू कर दिया। लोगों का विरोध बढ़ता देख नगर निगम की टीम भी मौके पर पहुंची और निर्माणाधीन बिल्डिंग को सीज कर दिया गया है। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि नियमों के विपरीत निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम की टीम इसे जल्द ध्वस्त करेगी। इसके साथ ही गौवंश की हत्या करने वाले लोगों को भी नहीं छोड़ा जाएगा। बेसमेंट के टैंक में गोवंश का पहुंचना नामुमकिन है। ऐसे में जो भी लोग इसके लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में मानसून की मेहरबानी से 357 बांध लबालब : सुरेश रावत

- 'सामान्य से 215 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज, प्रदेश के पूरे भरे बांधों और जलाशय स्थलों पर 14 सितम्बर को जलझूलनी एकादशी के दिन मनाया जायेगा राजस्थान जल महोत्सव'

जयपुर । जल संसाधन मंत्री ने सुरेश सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष मानसून की असीम कृपा रही है। मरु प्रदेश राजस्थान के लिए यह मंगल उत्सव का समय है। उन्होंने कहा कि वर्षा के इस सुखप्रद समय को उत्सव के रूप में मनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सम्पूर्ण रूप से भरे बांधों और जलाशयों पर 14 सितम्बर को जलझूलनी एकादशी के दिन राजस्थान जल महोत्सव-2024 मनाने का निर्णय लिया गया है।

रावत ने कहा कि प्रदेश में इस बार सामान्य से 215 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है, जो प्रदेश के विकास का सुखद संदेश है। अच्छे मानसून के चलते प्रदेश के बांध कुल भराव क्षमता के 83 प्रतिशत तक भर चुके हैं। तकरीबन 357 बांध लबालब हैं और अधिकांश जलाशय पूरे भर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी वर्षा से आगामी साल में प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली में वृद्धि होगी और चहुँमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि आमजन में भी इस समय हर्ष का माहौल है।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि जलझूलनी एकादशी पर प्रदेश भर में राजस्थान जल महोत्सव-2024 के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जल संग्रहण एवं जल मितव्ययता के बारे में चर्चा की जाएगी। उन्होंने आयोजन की पूर्व तैयारियों के संबंध में सम्बंधित विभागों और जिलों को निर्देश प्रदान किये तथा आपसी समन्वय से कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए कहा। उन्होंने कहा कि महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं तथा छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, काश्तकारों, आमजन, संस्थाओं, मीडिया तथा सबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अधिकाधिक संख्या में जोड़ने के निर्देश दिये।

सार-समाचार

तंजानिया में जयपुर फुट का शिविर शुरू

जयपुर, (का.सं.)। अफ्रीकी देश तंजानिया की राजधानी दादामा में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) और तंजानिया में कार्यरत एक भारतीय कंपनी कल्पतरू प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड के संयुक्त आयोजन में विकलांग पुनर्वास शिविर आरंभ हो चुका है। बी.एम.वी.एस.एस. के सचिव और दलनायक भूपेन्द्र मेहता ने बताया कि दोदोमा में बेंजामिन मकापा अस्पताल में आयोजित विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट कृत्रिम अंग के लिये दिव्यांगों में बड़ा उत्सह देखा गया। भूपेंद्र राज मेहता ने बताया कि बी.एम.वी.एस.एस. के सात तकनीशियन 30 दिवसीय इस शिविर में 30 विकलांगों को लाभांवित करेंगे। यह शिविर कल्पतरू प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल की पहल पर आयोजित किया गया है, जिससे तंजानिया के विकलांगों के पुनर्वास की भावना है। मेहता ने कहा कि इस शिविर के कारण तंजानिया में भारत के प्रति सौहार्द्र मजबूत हुआ है। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर.मेहता ने बताया कि 2019 में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और बी.एम.वी.एस.एस.के संयुक्त तत्वावधान में आर-ए-सलाम में एक पुनर्वास शिविर का आयोजन किया गया था जिससे 551 विकलांगों को लाभांवित किया गया था और डी.आर.मेहता ने कहा कि अब तक एशिया अफ्रीका के 42 देशों में बी.एम.वी.एस.एस.ने 45 हजार लोगों को लाभांवित किया।

सूरजपोल मंडी में 265 लीटर घी सीज

जयपुर । शुद्ध आहार- मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को सूरजपोल मंडी स्थित मैसर्स रामप्रसाद रामगोपाल के यहां कार्रवाई करते हुए हुए 265 लीटर देसी घी जब्त कर सीज किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि शुद्ध आहार- मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को सूरजपोल मंडी स्थित मैसर्स रामप्रसाद रामगोपाल के यहां कार्रवाई करते हुए हुए 265 लीटर देसी घी जब्त कर सीज किया है। खाद्य सुरक्षा के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के अनुसार पूर्व में लिए गए नमूने जांच में फेल होने पर फर्म पर विक्रय किए जा रहे इंडाना घी के सैंपल लेने के बाद सम्पूर्ण 265 लीटर घी को मौके पर जब्त कर सीज किया गया। इस समस्त कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम के खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा, पवन गुप्ता, नरेंद्र शर्मा शामिल रहे।

बॉलीवुड के गीत पेश करेंगे कलाकार

जयपुर । बिड़ला सभागार में हेल्दी स्माइल्स ग्रुप एवं यूनिक ड्रीम बिल्डर्स की ओर से 15 सितंबर को शाम 6 बजे गोल्डन एरा के 11वें संस्करण में बॉलीवुड फिल्मों के सदाबहार गीतों की संध्या संजोई जाएगी। कार्यक्रम आयोजक डॉ. बलविंदर सिंह ठक्कर ने बताया कि इसमें शहर के सुप्रसिद्ध गायक डॉ.समीर शर्मा सैम के साथ शहर के कई कलाकार 1960 के दशक से नए जमाने के गीतों को गुलदस्ता अपनी पुरकशिश आवाज में प्रस्तुत करेंगे। डॉ.समीर शर्मा सैम के संजोजन में शहर के वरिष्ठ कलाकार केपी सक्सेना, गीतिका चतुर्वेदी, डॉ.जितेंद्र सिंह मक्कर, रुचि खंडेलवाल, ऋचा खोडा एवं नवोदित कलाकार निकिता बंसल कई सुरीले गीत पेश करेंगे। कार्यक्रम में मेडले एवं मैश अप प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केन्द्र होंगी। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल, निदेशक आयकर (अन्वेषण) एवं संरक्षक प्रधान अवधेश कुमार समेत मशहूर वरिष्ठ गजल गायक अहमद हुसैन एवं उस्ताद मोहम्मद हुसैन मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में प्रवेश नि:शुल्क प्रवेश पत्रों से होगा।

साइक्लोथॉन का आयोजन 29 को

जयपुर । जयपुर रनर्स क्लब, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 और संस्कृति युवा संस्था द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और इंटरनल हॉस्पिटल के सहयोग से वर्ल्ड हार्ट डे पर 29 सितम्बर को साइक्लोथॉन का आयोज़न किया जायेगा। इस अभियान की शुरुआत गुरूवार को मोतीडूँगरी गणेश मंदिर में निमंत्रण के साथ हुई। साईक्लोथॉन के पोस्टर का विमोचन महंत कैलाश शर्मा, फाउंडर मुकेश मिश्रा, विष्णु टाँक, दीपक शर्मा बागड़ा, एडवोकेट कमलेश शर्मा, भावना पारीक, मोनिका चौधरी, सुधा खंडेलवाल, दिनेश भावनानी और प्रिया मिश्रा ने किया। जयपुर रनर्स क्लब के निदेशक विष्णु टाँक ने बताया कि साइक्लोथॉन के जरिए लोगों को हार्ट हैल्थ के लिए जागरूक किया जायेगा। इसकी शुरुआत आज से हो गई है, इस साइक्लोथॉन से शहर के हर वर्ग के व्यक्ति को जोड़ा जाएगा और 29 सितंबर को बड़ी संख्या में लोग इसका हिस्सा बनेंगे।

चतुर्वेदी समाज का महाकुंभ 13-14 को

जयपुर । जयपुर में श्री माथुर चतुर्वेदी समाज की महाकुंभ 13-14 सितम्बर को जयपुर में होगा। टोंक रोड स्थित पिंजरापोल गौशाला स्थित सुरभि सदन में पहले दिन श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग होगी। वहीं दूसरे दिन राजस्थान महापरिषद का प्रान्तीय अधिवेशन होगा। इसमें समाज की प्रतिभाओं का सम्मान और सामूहिक स्नेह-भोज का आयोजन भी किया गया है। महापरिषद के प्रदेशाध्यक्ष हृदयेश चतुर्वेदी और महामंत्री पीयूषपाणि चतुर्वेदी ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी मीटिंग और राजस्थान महापरिषद के प्रान्तीय अधिवेशन के लिए प्रदेश और देश के कोने-कोने से स्वजातीय बांधव जयपुर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद के प्रांतीय अधिवेशन में प्रात: 10 बजे से प्रांतीय अधिवेशन शुरू होगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रदेश महामंत्री प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही प्रमुख जनों का सम्बोधन होगा। कार्यक्रम में प्रात: 11.45 से दोपहर 12.15 तक खुला मंच का आयोजन किया गया है, इसमें समाज बंधु अपने विचार, समाज की प्रगति के लिए सुझाब रख सकेंगे। परिषद के राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष ह्रदेश चतुर्वेदी ने बताया कि दोपहर 12.15 से समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं, 80 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त वरिष्ठजन, समाज के व्यापक विकास में अपना उल्लेखनीय योगदान देने वाले महानुभावों एवं इसी के अनुरूप अपना योगदान देने वाले दिवंगत महानुभावों को "समाज-रत्न" की उपाधि से विभूषित किया जाएगा। समाज के प्रशासनिक अधिकारी, न्यायाधीश, डॉक्टर्स, शिक्षक वर्ग, विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली मातृशक्ति, युवा वर्ग, खिलाड़ियों तथा समाज के वरिष्ठ पत्रकार बन्धुओं को "समाज-गौरव" की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

देवनानी को राजस्थान रत्नाकर की स्मारिका की प्रति भेंट



नई दिल्ली । विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी को उनके नई दिल्ली प्रवास पर राजस्थान रत्नाकर संस्था द्वारा प्रकाशित स्मारिका की प्रति भेंट की गई। यह प्रति संस्था के मीडिया संयोजक और राजस्थान विधान सभा की पत्रकार दीर्घा मंत्रणा समिति के सदस्य गोपेन्द्र नाथ भट्ट ने विधानसभाध्यक्ष देवनानी को राजस्थान स्टेट गेस्ट हाऊस चाणक्यपुरी में भेंट की।

संस्था के चेयरमैन राजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि स्मारिका में विधानसभाध्यक्ष देवनानी के साथ ही अन्य कई विशिष्ट हस्तियों के शुभकामना संदेश प्रकाशित किए गए हैं। साथ ही इसमें राजस्थान से जुड़े आलेख और संस्था की विभिन्न गतिविधियों का प्रकाशन भी किया गया हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रवासी राजस्थानियों की प्रतिष्ठित सामाजिक और समाजसेवी संस्था राजस्थान रत्नाकर के स्वर्ण जयन्ती वर्ष में हाल ही नई दिल्ली के इण्डिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित संस्था के वार्षिक समारोह के अवसर पर प्रकाशित संस्था की वार्षिक पत्रिका का लोकार्पण केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मन्त्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और केन्द्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मन्त्री अर्जुन राम मेघवाल तथा पाली के सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री पी पी चौधरी तथा उपस्थित अन्य अतिथियों ने किया गया था।

मानक ब्यूरो और उपभोक्ता मामले विभाग की कार्यशाला

जयपुर । उपभोक्ता जागरूकता और गुणवत्ता चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय मानक ब्यूरो और राजस्थान सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर स्थित राज्य सचिवालय के कॉन्फ्रेन्स हॉल में एक दक्षता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह देश भर में गुणवत्ता विषय पर अपनी तरह की पहली ऐसी कार्यशाला थी जिसमें राज्य के सभी ज़िलों से शीर्षस्थ अधिकारियों ने भाग लिया। इस ऐतिहासिक कार्यशाला में राजस्थान राज्य के सभी जिलों से 1000 से अधिक अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग और जयपुर ज़िले के अधिकारी व्यक्तिगत रूप में शामिल हुए। कार्यशाला में ज़िला परिषद, नगर निगम, सार्वजनिक निर्माण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, और उपभोक्ता मामले विभाग आदि से प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सरकारी विभागों के अधिकारियों को उपभोक्ता जागरूकता के साथ-साथ गुणवत्ता चेतना के महत्व से परिचित कराना था, ताकि सार्वजनिक खरीदारी में गुणवत्ता का ध्यान रखा जा सके और उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। कार्यशाला का आयोजन उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा की पहल और मार्गदर्शन की वजह से सम्भव हो पाया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने की, जिन्होंने गुणवत्ता के लाभ और इस हेतु उपभोक्ताओं में जागरूकता की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि "भारत को गुणवत्ता के लिए पहचान दिलाने" के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए उपभोक्ता और सरकारी तंत्र के बीच समन्वय बेहद आवश्यक है।

महेंद्र सोनी ने किया महिला हैल्पलाइन केंद्र का निरीक्षण

जयपुर । शासन सचिव महिला एवं बाल विकास महेन्द्र सोनी ने गुरुवार को लाल कोठी स्थित राज्य महिला आयोग परिसर में संचालित राज्य स्तरीय महिला हेल्पलाईन 181केंद्र, गांधीनगर महिला थाना में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, राजकीय जयपुरिया अस्पताल परिसर में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है इस हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है।

शासन सचिव महेन्द्र सोनी को राज्य स्तरीय महिला हेल्पलाईन 181केंद्र के निरिक्षण के दौरान वहां कार्यरत महिला काउंसलर्स ने "एक नम्बर समाधान अनेक" के उद्देश्य से संचालित महिला हेल्पलाईन 181 से महिलाओं को दी जा रही बेहतर सलाह, सुझाव, सूचना, मदद और मार्गदर्शन की विस्तार से जानकारी दी। वहां कार्यरत महिला काउंसलर्स ने समुचित प्रक्रिया बताई।पीड़ित महिलाओं की कैसे मदद की जाती है इस हेतु उन्होंने वहां पर सन्धारित रजिस्टर का भी अवलोकन करवाया। इसके साथ ही उन्होंने महिला काउंसलर्स से रजिस्टर में दर्ज महिला की शिकायत पर हुई कार्रवाई और सहायता का फीडबैक भी लिया।

सोनी ने इसके साथ ही गांधीनगर महिला थाना में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र का भी निरिक्षण किया। जिस पर उन्होंने उक्त केंद्र की ओर से महिलाओं को उपलब्ध करवाने वाली सहायता की पूरी प्रक्रिया समझी। वर्तमान में आई शिकायतों पर किस तरह कार्रवाई की जा रही है इसकी पूरी जानकारी ली। उन्होंने राजकीय जयपुरिया अस्पताल परिसर में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर केंद्र का भी औचक निरिक्षण किया। यहां हिंसा से सम्बंधित सभी समस्याओं के भरोसेमंद निदान की जानकारी शासन सचिव को दी गई। यहां एक ही छत के नीचे उत्पीड़ित महिलाओं की समस्या का शीघ्र समाधान होता है।

अजमेर रेलवे स्टेशन से अगवा चार साल की मासूम गुजरात के साबरमती से दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

आरोपी ने बताया कि वह बच्ची को मदरसे में पढ़ाई करवाने के लिए अपहरण कर लाया था

जयपुर/अजमेर । अजमेर जीआरपी और आर.पी.एफ. की टीम ने संयुक्त कार्रवाई में मां के साथ अजमेर जियारत करने आई 4 वर्ष की मासूम को रेलवे स्टेशन परिसर से अगवा करने वाले अभियुक्त रज्जाक लोहार पुत्र गफूर (35) निवासी रावजी का मोहल्ला थाना कोतवाली नीमकाथाना व अपहृत मासूम को गुजरात के साबरमती से दस्तयाब कर लिया।

अजमेर जीआरपी एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बालिका को गुजरात ले जाकर अपने साथ रखने व पढ़ाई करवाने के लिए अपहरण करना बताया है, लेकिन पुलिस अपहरण के वास्तविक उद्देश्य के संबंध में आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है। घटना के समय आरोपी अत्यधिक शराब के नशे में और मदहोशी की हालत में था।

गांव भटाना थाना मण्डार जिला सिरोही निवासी महिला मरियम पत्नी पिंटू खान (35) अजमेर अपनी 4 साल की बेटी के साथ दरगाह जियारत करने आई थी। 10 सितंबर की रात करीब 8:00 बजे वापस गांव जाने के लिए रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म एक पर बने चबूतरे पर बैठ ट्रेन का इंतजार कर रही थी। इतनी देर में एक 28 से 30 साल का युवक उनके पास आकर बैठ गया। आते ही महिला और उसकी बेटी से बातें करने लगा। थोड़ी देर में बच्ची को गोद में उठाकर पास की दुकान से एक पेप्सी की छोटी बोतल लेकर आया। बातों ही बातों में महिला का विश्वास जीत लिया। बातचीत करने के बाद जैसे ही महिला का ध्यान हटा युवक बेटी को ले गया। घबराई मां ने प्लेटफार्म पर खड़ी आरपीएफ की कांस्टेबल मंजू को सारी घटना बता दी। महिला की रिपोर्ट पर थाना जीआरपी पर मुकदमा दर्ज किया गया।

अजमेर जीआरपी और आर.पी.एफ. की टीम ने अजमेर से 4 वर्ष की मासूम को अगवा करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी व अपहृत बच्ची की तलाश के लिए एसपी जोशी द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेश शर्मा व पुलिस उपाधीक्षक जीआरपी राम अवतार के सुपरविजन में एसएचओ जीआरपी थाना सोमेंद्र कुमार व आरपीएफ के इंस्पेक्टर राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा रेलवे स्टेशन अजमेर व शहर के विभिन्न क्षेत्रो में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला गया। प्रदेश में व अन्य राज्य के रेलवे स्टेशनों पर तत्काल मैसेज भेजा गया। जिसके फल स्वरुप आरोपी रज्जाक लोहार व अपहृत बालिका को साबरमती गुजरात से दोनों टीमों द्वारा डिटेन कर लिया गया।

आरोपी ने अब तक की पूछताछ में बताया कि 10 सितम्बर को अत्यधिक शराब के नशें में मै अजमेर रेलवे स्टेशन आया। जहां उसे बालिका व उसकी मॉ अकेली बैठी दिखायी दी। वह भी बालिका की माँ के पास बैठ गया तथा उसे शादी करने का ऑफर दिया। जिसे बालिका की मां ने ठुकरा दिया। अपने अकेलेपन के कारण बच्ची को रेलवे स्टेशन अजमेर से अगवा कर ले गया। जिसे वह अपने साथ मोडासा, गुजरात ले जाने वाला था और इसे अपने साथ रखकर बालिका को वही नजदीक मदरसे में पढाई करवाता।

आरोपी का पिता करीबन 15 साल पहले तथा माता बचपन में ही गुजर चुकी है। पिता की मृत्यु के बाद आरोपी ने अपना पुश्तैनी मकान चाचा को बेच दिया। पिता की मौत पर इनके परिचित मोडासा गुजरात से आये थे, जिन्होंने आरोपी को मोडासा आकर मजदूरी करने को कहा। आरोपी अपना सब कुछ बेचकर गुजरात रहकर वैल्डिंग का काम करने लग गया। वर्तमान में कुछ महीनों से आरोपी गुजरात से राजस्थान आ गया तथा अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर बोतलें बीनकर अपना गुजर-बसर करने लग गया। आरोपी के रहने का अभी कोई ठोर-ठिकाना नहीं है।

अविवाहित आरोपी अकेलेपन के कारण बच्ची को अगवा कर अपने साथ रखना बताता है। जिससे अपहरण के वास्तविक उद्देश्य के बारे में पुलिस की टीम गहनता से पूछताछ कर रही है। आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

महापौर मुनेश गुर्जर को ए.सी.बी. ने जारी किया नोटिस

जयपुर । हैरिटेज नगर निगम की महापौर मुनेश गुर्जर की परेशानी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। स्वायत्त शासन विभाग के बाद अब गुरुवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए.सी.बी.) ने महापौर को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में 19 सितंबर को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया है।

दरअसल, नगर निगम ऑफिस में मुनेश गुर्जर के नाम नोटिस जारी किया गया। इसमें लिखा गया है कि, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपराध प्रमाणित पाया गया है। इसके बाद स्वायत्त शासन विभाग द्वारा आपके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मिली है। हाई कोर्ट ने भी आपके खिलाफ दो सप्ताह (19 सितंबर तक) में चालान पेश करने के आदेश जारी कर रखे हैं। ऐसे में आपको 19 सितंबर सुबह 10 बजे न्यायालय में पहुंचने के लिए पाबंद किया जाता है। ज्ञात रहे कि मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी देने को रिकॉर्ड पर लेते हुए 2 सप्ताह बाद सुनवाई होनी है। सोमवार को जस्टिस एनएस ढड्ढा ने यह निर्देश सुधांशु सिंह ढिल्लन की याचिका पर दिया था। इसके बाद स्वायत्त शासन विभाग ने एक्शन लेते हुए बुधवार को नोटिस जारी किया था। नोटिस में डीएलबी ने मुनेश पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप पर जवाब मांगा है। इसके लिए तीन दिन का समय दिया था।